प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 29.11.2024

- ❖ **जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम पुलिस को मिली सफलता।**
- ❖ **शिकायतकर्ता को कॉल करके सस्ती दर पर सामान खरीदने का लालच देकर कुल 35100/- रुपये की धोखाधडी की गयी थी।**
- ❖ **थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए पीड़ित की कुल धनराशि 35100/- रुपये को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में शिकायतकर्ता श्री अरसान हरफान पुत्र फरहान खान निवासी पुखरायां थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात के साथ दिनांक 30.09.2024 को साइबर ठग द्वारा कॉल के माध्यम से सस्ती दर पर सामान खरीदने का लालच देकर अपने खाते में कुल 35100/- रुपये ट्रांसफर करा लिये गये थे जिस सम्बन्ध में कोई भी सामान पीड़ित को प्राप्त नहीं हुआ। शिकायतकर्ता द्वारा थाना साइबर क्राइम जनपद कानपुर देहात में ऑनलाइन शिकायत की गयी जिस पर थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित के साथ धोखाधडी कर ट्रांसफर करायी गयी कुल धनराशि 35100/- रुपये को वापस कराया गया। पीड़ित की मेहनत की कमाई उनके बैंक खाते में वापस कराकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाते हुए पुलिस के प्रति आम-जनमानस का विश्वास मजबूत किया गया।

वापस करायी गयी कुल धनराशि-

1. कुल 35100/- रुपये

धनराशि वापस कराने वाली थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री अब्दुल कलाम
2. का0 बलजीत सिंह
3. का0 कृष्ण कुमार
4. का0 शाहरुख अहमद